# अक्षय तृतीया पर श्री सिद्ध धाम आमखेड़ा पर निशुल्क कन्या विवाह कल

## धाम की ओर से दहेज के रूप में वर को बाइक तो वधू को सोने-चांदी के जेवरात सहित दिया जा रहा गृहस्थी का सामान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर श्री सिद्धधाम आमखेड़ा पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन अक्षय तृतीया के अवसर पर किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां धाम की कमेटी द्वारा की जा रहीं है। तो वहीं निशुल्क कन्या विवाह आयोजन को लेकर धाम के पीठाधीश्वर कल्याणदास महाराज ने शनिवार को एक प्रेस आयोजित कर निशुल्क कन्या विवाह के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान



उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षो से धाम पर सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जहां पहले पांच कन्या और फिर 11 कन्याओं के विवाह धाम की ओर से कराये गये, तो वहीं इस बार 31 कन्याओं के सामूहिक विवाह धाम पर कराये जा रहे है। उल्लेखनीय है कि श्री सिद्ध धाम आमखेड़ा पर प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार को दरबार लगता है, जहां लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचते है और उनका निराकरण होता है, तो वहीं धाम पर लकवा, कैंसर सहित अन्य बीमारियों के रोगियों को दवा दी जाती है।

### दंपती को रामायण जी की जाएगी भेंट

इस सामूहिक कन्या विवाह में जहां वधू को धाम की ओर सोने, चांदी के जेबरात दिये जायेंगे, जिनमें सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिचूड़ी, सोने का कांटा एवं चांदी का गुच्छा शामिल है। इसके अलावा गृहस्थी का सामान दिया जा रहा है, जिसमें अलमारी, ड्रेसिंग, पलंग, सिलाई मशीन, मिक्सी, लहंगा, टेबिल फैन, कूलर, वॉशिंग मशीन, पूजा की थाली दी जाएगी, तो वहीं वर के लिए मोटरसाईकिल दी जा रहीं है। इसके अलावा नव जोड़े को धाम की ओर से रामायण भेंट की जाएगी, जिसका अनुसरण करने से उनका दांपत्य सुखमय रहेगा। वहीं इस कन्या विवाह में करीब 20 से 30 हजार लोगो की आने की संभावना है, जिसमें संत समाज मुख्य रहेंगे।



### कन्यादान महायज्ञ से बढ़कर:

कन्याओं के निशुल्क विवाह कराने के बारे में बताते हुए श्री सिद्ध धाम आमखेड़ा पीठाधीश्वर कल्याणदास महाराज ने बताया कि करने वाले बाबा, कराने वाले बाबा और बाबा की प्रेरणा से ही गरीब कन्याओं के विवाह कराये जा रहे है। यह विवाह धाम से जुडे श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न होंगे। वहीं उन्होंने दान की बात का उत्तर देते हुए कहा कि दान लेना तो सरल है, लेकिन दान लेकर दान करना बहुत कठिन है, यदि सब लोग दान लेकर दान करने लगे तो प्रत्येक गांव में एक गरीब कन्या विवाह होना शुरू हो जाएगा, यह काम कोई कठिन नहीं है, सिर्फ सहयोग की बात है। वहीं उन्होंने कहा कि कन्यादान एक महायज्ञ से बढ़कर है, जो धाम के श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न होने जा रहा है।

### एक नजर में

#### ओरछा के लिए हैलीकॉप्टर सेवा आज से प्रारंभ

**चंदेरी।** पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के अंतर्गत भोपाल से चंदेरी, ओरछा के लिए हेलीकॉप्टर की सेवाओं के शुभारंभ रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम व्यवस्थाएं किला कोठी हेलीपैड पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा बताया गया है कि किला कोठी स्थित जिस स्थान पर हेलीकॉप्टर उतरना है वहां चारों ओर वेरीटिंग कर दी गई है। प्रदेश में अंतरराज्यीय हेलीकॉप्टर सेवा संचालन हेतु मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा निजी जेट सर्व एविएशन SUI Ola के सहयोग से पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का रविवार से संचालन शुरू कर रहीं है। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा।

# सिलेंडर न मिलने से ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## उपभोक्ताओं ने कहा ब्लैक में बेचा जा रहा है उनका सिलेंडर, जिले में किल्लत जारी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलामुख्यालय से करीब 9 किलो मीटर दूर तूमैन गांव में गैस सिलेंडर वितरण की अव्यवस्था ने शनिवार सुबह एक बड़ा रूप ले लिया। जब सैकड़ों ग्रामीण सिलेंडर लेने पहुंचे तो गैस एजेंसी बंद मिली, तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मुख्य सड़क पर बाइक खड़ी कर चक्का जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस जाम से यातायात पूरी तरह ठप हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि उनसे पहले ही ओटीपी लिया जा चुका था और आज सिलेंडर देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन तय दिन पर एजेंसी बंद मिलने से लोग भड़क उठे।

ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप: चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों ने



एजेंसी संचालक और उसके कर्मचारियों पर कई प्रकार के आरोप लगाए। जिसके चलते आक्रोशित लोगों ने कहा कि उनके नाम पर आने वाले सिलेंडर दूसरे लोगों को दे दिए जाते हैं, जिससे उन्हें बार-बार भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा कई लोगों ने सिलेंडर को ब्लैक में बेचने की भी बात कही, लेकिन इस बीच अचानक हुए इस विरोध के चलते मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि गैस वितरण व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता नहीं लाई गई, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। करीब एक घंटे बाद किसी तरह जाम खुल सका, लेकिन इस घटना ने स्थानीय स्तर पर गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**विरोध बता रहे दावे और हकीकत में अंतर:**

रसोई गैस सिलेंडर को लेकर जहां एक ओर प्रशासनिक महकमे द्वारा दावे किये जा रहे है कि लोगों को घरों पर रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराये जायेंगे, लेकिन ठीक इसके विपरीत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रसोई गैस की किल्लत देखने को मिल रहीं है। जिसकी बजह से लोग परेशान होने के साथ सिलेंडर को लेने के लिए इधर से उधर भटकते हुए नजर आते है। इसके अलावा रसोई गैस सिलेंडर को लेकर एजेंसी संचालक और उपभोक्ताओं के बीच आए दिन विवाद और चक्काजाम होना आम बात हो गई है।

# नपा का शहर की सड़क एवं स्वच्छता पर जोर

**पीआईसी की बैठक आयोजित**

**विकास कार्यों को मिली हरी झंडी**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद की प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल PIC की महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से उन पर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान शहर की अधोसंरचना और स्वच्छता को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए। जिनमें क्षतिग्रस्त सड़कों का कायाकल्प, जो वर्षाकाल के दौरान शहर की जो डामर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं,



उन पर पुन: डामर कार्य पेच वर्क एवं निर्माण कराने की स्वीकृति दी गई है। जिससे शहरवासियों को आवागमन में सुगमता होगी। वहीं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत आरोन रोड सब्जी मंडी के पास एक नए सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को मंजूरी दी गई है। वहीं शहर की सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाइटों की मरम्मत और आवश्यक सामग्री के क्रय खरीद हेतु बजट को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होने वाले विभिन्न कार्यों और उनकी (DPR) विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस मौके पर पार्षद महेंद्र भारद्वाज, प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, डॉ जयमंडल यादव, गीता आर्य, आयुषी लोधी, निक्की रघुवंशी, सीएमओ विनोद उनीतान सहित नपा स्टॉफ मौजूद रहा।

# धर्मातंरण और दुष्कर्म के मामले में जस्सी किन्नर गिरफ्तार

**एसआईटी टीम कर रही मामले की जांच**

**संगठित गिरोह के होने का मिला सुराग**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पिपरई की तीन नाबालिगों के साथ दुष्कर्म और धर्मातंरण के मामले में एसआईटी टीम द्वारा जांच की जा रहीं है। इसी कड़ी में जहां टीम द्वारा एक बालक को पकड़ा गया है, तो वहीं इस मामले का मुख्य आरोपी जस्सी किन्नर को सीहोर वायपास रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। जांच टीम द्वारा बताया गया कि आरोपी जस्सी किन्नर ने तीनो बालिकाओं को बहला फुसलाकर आरोपियों से मिलवाया था। इसके अलावा पुलिस टीम को संगठित गिरोह होने के संकेत मिले है। दरअसल 16 अप्रेल को पिपरई थाने में नाबालिक बालिकाओं के



धर्म परिवर्तन एवं दुष्प्रेरण की रिपोर्ट दर्ज की गई, जिसके चलते पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की थी। वहीं मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा प्रकरण की गहन विवेचना एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु विवेक शर्मा एसडीओपी अशोकनगर के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन (एसआईटी) कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया है। वहीं विशेष जांच दल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में एक बालक को अभिरक्षा में लेकर, बाल संप्रेषण गृह भेजा गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि प्रकरण के आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

### किन्नर ने दिया लालच, संगठित गिरोह के संकेत:

एसआईटी टीम की विवेचना में यह तथ्य भी सामने आया है कि जस्सी किन्नर पुत्र मंजीत सिंह निवासी राजीवनगर थाना कमलानगर भोपाल द्वारा नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर लाया गया, उन्हें आरोपियों से मिलवाया गया तथा धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर लालच देकर बुर्का पहनाया गया। इन्ही साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी जस्सी किन्नर को सीहौर बायपास रोड़ से गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। वहीं टीम को प्रारंभिक जांच से यह संकेत प्राप्त हुए हैं कि इस प्रकरण में जस्सी किन्नर एवं अन्य व्यक्तियों के संगठित गिरोह रैकेट की संलिप्तता हो सकती है। इस संबंध में विशेष जांच दल द्वारा विस्तृत एवं सूक्ष्म जांच की जा रही है। शेष आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं तथा प्रकरण से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का शीघ्र खुलासा किया जावेगा।

# सड़क हादसे में एक पटवारी की मौत, दो गंभीर घायल

## पिपरई में आयोजित बैठक से लौटते समय हुआ हादसा, लोडिंग वाहन ने मारी टक्कर

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पिपरई अशोकनगर मार्ग के ग्राम रहटवास के समीप लोडिंग वाहन और बाईक की टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि लोडिंग वाहन पलट गया जिसमें वाहन चालक घायल हो गया, तो वहीं बाईक पर सवार तीनों पटवारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए राजस्व अमले द्वारा जिलाअस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत एक पटवारी को मृत घोषित कर दिया, तो वहीं अन्य दो पटवारियों गंभीर हालत होने पर उन्हें भोपाल रैफर किया गया है। दरअसल सुखवीर रजक (30) पुत्र जगन्नाथ सिंह, अरविंद रघुवंशी (30) पुत्र भगवत सिंह और सचिन बागवार (35) पुत्र नारायण निवासी चंदेरी पिपरई में आयोजित बैठक में शामिल होने



गए थे, जहां बैठक के बाद यह तीनों बाईक से अपने घर अशोकनगर लौट रहे थे, तो तो वहीं लोडिंग वाहन चालक कैलाश अहिरवार (40) पुत्र श्याम लाल अपने वाहन को अशोकनगर से पिपरई ले जा रहा था, तभी रहटवास के समीप यह हादसा हो गया, जिसमें सचिन बागवार पटवारी बांसाखेड़ी की मृत्यु हो गई। तो वहीं सुखवीर रजक, अरविंद रघुवंशी घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर किया गया है। वहीं कैलाश अहिरवार का अस्पताल में उपचार जारी है।

### घटना के बाद मौके पर पहुंचा राजस्व अमला:

दरअसल शनिवार को पिपरई में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें तहसीलदार सहित अन्य पटवारियों ने शिरकत की थी। पटवारी बैठक में शामिल होकर लौट रहे थे, इसी बीच वह सड़क हादसे के शिकार हो गये। तो वहीं घटना के बाद पीछे से आ रहे अन्य पटवारियों ने घटना में घायल अपने साथियों को देखा तो अन्य साथियों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे राजस्व अमले द्वारा तहसीलदार की गाड़ी से घायलों को उपचार के लिए जिलाचिकित्सालय पहुंचाया गया। तो वहीं घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। तो वहीं हादसे की जानकारी लगने के बाद जिलाअस्पताल में राजस्व सहित अन्य लोगों की भीड़ देखने को मिली।

**टूर्नामेंट समापन**

**आकाश राजपूत और पूर्व मंत्री संजू सिसौदिया रहे मुख्य अतिथि**

# अर्जुन कप के चौथे संस्करण की विजेता बनी वार्ड क्रमांक 1

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** ज्ञानालय परिवार के संचालक और विधायक पुत्र अर्जुन सिंह यादव द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अर्जुन कप के चौथे संस्करण का समापन सेमीफाइनल और फाइनल के साथ समापन हुआ,जिसमें मुंगावली के वार्ड नंबर 1 ने फाइनल अपने नाम किया। अंतिम दिवस पहला सेमीफाइनल कांकर और वार्ड नंबर 01 के मध्य खेला गया, पहला सेमीफाइनल मुकाबला मानो रोमांच की चरम सीमा था। कांकर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 129 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान मुलायम यादव की तेजतर्रार पारी और हामिद खान की विस्फोटक बल्लेबाजी ने मैदान में ऊर्जा भर दी। जब वार्ड नंबर 01 लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो शुरुआत निराशाजनक रही। शुरुआती विकेट गिरते ही टीम दबाव में आ गई, मानो जीत दूर होती जा रही हो। लेकिन तभी एक ऐसा क्षण आया, जिसने पूरे



### राजपूत और पूर्व मंत्री रहे मुख्य अतिथि:

अर्जुन कप के फाइनल में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के पुत्र आकाश सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री संजू सिसोदिया रहे। जिन्होंने टूनामेंट की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को आगे आने का मौका देती है जो आगे चलकर जिले ओर प्रदेश में नाम रोशन करती है, उन्होंने ज्ञानलय परिवार की तारीफ करते हुए कहा कि नाइट टूनामेंट कराना अपने आप में बड़ी बात होती है इस टूनामेंट की चर्चा सुनते रहते है और आज हमे शामिल होने का मौका भी मिला देखा की खेल के प्रति लोगों का उत्साह अपने आप में देखते ही बनता है।

मैच की दिशा बदल दी सुंदरम सिकरवार का छूटा हुआ कैच जिसने पूरा मैच ही पलट दिया। जिसके बाद 23 गेंदों में 80 रन की धमाकेदार उनकी नाबाद पारी ने हार के अंधकार को जीत के उजाले में बदल दिया। अंतिम गेंद तक चले इस रोमांचक मुकाबले में वार्ड नंबर 01 ने जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट हासिल किया। वही दूसरा सेमीफाइनल वार्ड नंबर 14 और बरखेड़ा जमाल के बीच खेला गया, दूसरा सेमीफाइनल एक लो-स्कोरिंग लेकिन अत्यंत रोमांचक मुकाबला रहा। वार्ड नंबर 14 की टीम 50 रन ही बना सकी, लेकिन उनकी गेंदबाजी ने मैच में जान डाल दी। बरखेड़ा जमाल की ओर से रजनीकांत शर्मा ने अपनी सधी हुई गेंदबाजी से विपक्ष को बांधकर रखा। वहीं लक्ष्य का पीछा करते समय जहीर खान, आशिफ खान और सौरभ रघुवंशी की गेंदबाजी ने मैच को अंतिम ओवर तक खींच दिया अंत में बरखेड़ा जमाल ने धैर्य और संयम के साथ 3 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच वार्ड 1 ओर बरखेड़ा जमाल के बीच हुआ जिसमें वार्ड 1 ने जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की।

### कड़ी मेहनत से सफल होते है ऐसे आयोजन:

अर्जुन कप के समापन पर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कड़ी मेहनत ही इस तरह के टूनामेंट को सफल बनाते है,ज्ञानालय परिवार के सभी लोगों द्वारा महीनों पहले से इसकी तैयारी शुरू कर दी जाती है,ओर क्रिकेट प्रेमी टूर्नामेंट का आनंद लेने के लिए देर रात रुके रहते है और सभी अपने अपने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन भी करते है ज्ञानालय परिवार के केवल एक ही लक्ष्य है कि क्षेत्र में जो प्रतिभा अभाव के चलते सामने नहीं आ पाती उन्हें मौका देना ओर उन्हें आगे ले जाना जिससे वह प्रदेश ओर देश में क्षेत्र का नाम रोशन करे।

**देर रात तक भरा रहा स्टेडियम:**

अर्जुन कप के सेमीफाइनल ओर फाइनल देखने के लिए लोगो हुजूम उमड़ पड़ा और लोग देर रात मैच का आनंद लेते नजर आए, वही इस मौके पर ज्ञानलय परिवार के संस्थापक अर्जुन सिंह यादव ने कहा कि लोगो का यह प्रेम ही इस टूर्नामेंट के सफल होने की कहानी बया कर रहा है।

# इंटेक सदस्यों ने जानी तलघरों की विरासत

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी। विश्व विरासत दिवस के अवसर पर चंदेरी इंटेक चैप्टर के सदस्यों द्वारा ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में विशेष विरासत भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने चंदेरी की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, स्थापत्य कला और ऐतिहासिक संरचनाओं का अवलोकन किया।**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राचीन तलघरों (भूमिगत कक्षों) का अध्ययन रहा। इन तलघरों की निर्माण तकनीक, उपयोगिता और ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि तलघर न केवल सुरक्षा और भंडारण के लिए उपयोग में लाए जाते थे, बल्कि गर्मी से बचाव के लिए भी ये अत्यंत उपयोगी संरचनाएं थीं। इस दौरान इंटेंक सदस्यों ने विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर उनके संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में यह भी जोर दिया गया कि स्थानीय नागरिकों, विशेषकर युवाओं, को अपनी विरासत के प्रति जागरूक होना चाहिए, ताकि इन धरोहरों को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर




पर संयोजक अरुण सोमानी, मजीद ख़ान पठान, एडवोकेट राघवेन्द्र सिंह सेंगर, संजीव श्रीवास्तव, विजय कोली, डॉ. ज्योति खरका, नसीम टुनटुनी, रामेश्वर उपाध्याय, विक्की श्रोत्रिय, महेंद्र सिंह परमार एवं सह-संयोजक मुज़फ़्फ़र अंसारी ने चंदेरी की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखने का संकल्प लिया तथा ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की बात कही।

### परशुराम जयंती आज, निकलेगी शोभायात्रा

**अशोकनगर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर जिलेभर में कई वैवाहिक आयोजन देखने को मिलेंगे, तो वहीं शहर में ब्राहाण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो ब्राहाण धर्मशाला से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी पार्क पर पहुंचेगी, जहां पर महाआरती का आयोजन किया गया। तो वहीं अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रत्येक घर पर घडो (मटको) की पूजा अर्चना की जाएगी। एक ओर जहां अक्षय तृतीया पर वर्षो बाद विशेष पुण्य योग बन रहा है, तो वहीं इस तिथि को लेकर लोगों में संशय बना हुआ है। इसी संशय को पुजारी किशनलाल मिश्र ने बताया कि 19 अप्रैल रविवार को भगवान श्री हरि विष्णु के छठवें अवतार परशुराम भृगु बंसी का जन्मोत्सव कृतिका नक्षत्र में धूमधाम से मनाया जाएगा।